**Shree Ram Sharnam,**
**International Spiritual Centre**
8A, Ring Road, Lajpat Nagar - IV,
New Delhi - 110 024, INDIA

**राम भरोसे ही रहकर के जपो राम का नाम,**
**राम भजन से हो जाते हैं पूर्ण सारे काम ॥**
**श्री राम जय राम जय जय राम . . .**

**काया माया के सुख झूठे माया मन भरमाये,**
**इक दिन ये माटी की काया माटी में मिल जाये,**
**जग के सारे सुख नश्वर हैं, एक भजन शुभ काम ॥**
**श्री राम जय राम जय जय राम . . .**

**प्रेम भाव से जो रघुवर के नाम में ध्यान लगाये,**
**उसपर कृपा राम की होये, भव से मुक्ति पाये,**
**भक्ति का वोही सुख पाये, जो भजता निष्काम ॥**
**श्री राम जय राम जय जय राम . . .**

**केवल राम सुमरने से सब अशुभ कर्म टल जायें,**
**मन शुभ करें नयन शुभ देखें, रसना राम गुण गाये,**
**नाम की महिमा से बरसे है अमृत आठों याम ॥**
**श्री राम जय राम जय जय राम . . .**
**धुन - श्री राम जय राम जय जय राम....**

www.shreeramsharnam.org / www.ibiblio.org/ram